## सार-समाचार

### महिला संवर्ग के लिए विद्यालयों में संपर्क

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा जालोर का महिला संवर्ग संगोष्ठी और बैठक कार्यक्रम शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रताप चौक जालोर में होगा। जालोर यूपी अध्यक्ष मीना परमार ने बताया कि आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार शाम बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षिकाओं ने रचना नवल रेखा राठौड के नेतृत्व और कृष्णपालसिंह, मनोज दवे, गणपतसिंह मंडलावत, प्रमोद दवे, भेरूसिंह, जयेशकुमार, संतोष, मंजू चौधरी सहित शिक्षक संघ राष्ट्रीय के सहयोग से ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों में संपर्क कर कार्यक्रम में आने के लिए पीले चावल देकर सभी शिक्षिकाओं को न्यौता दिया। ब्लॉक अध्यक्ष मीना परमार के नेतृत्व में शहर के प्रताप चौक, आहोर रोड, लेटा, रणछोड नगर, गोडीजी, हनुमानशाला, शांति नगर, रामदेव कॉलोनी, माधव नगर, धवला सहित विभिन्न विद्यालय का संपर्क कर शनिवार को सभी महिला शिक्षिकाओं को संगोष्ठी में भाग लेने का आव्हान किया गया। प्रताप चौक में होने वाले इस संगोष्ठी कार्यक्रम के प्रथम सत्र में नीलम पवार राष्ट्र सेविका समिति मुख्य वक्ता रहेगी वहीं ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी ममता अग्रवाल अतिथि के रूप में भाग लेंगे। द्वितीय सत्र की मुख्य वक्ता रचना नवल महिला मंत्री रहेंगी एवं अतिथि के तौर पर मोहरकंवर किशोर गृह अधीक्षक जालौर उपस्थित रहेंगे। तीसरा और अंतिम सत्र खुला सत्र होगा जिसमें महिला शिक्षिकाएं शिक्षा और शिक्षार्थी के हित में जिला और प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार चर्चा करेंगी। राष्ट्र के लिए शिक्षा में सहयोग की भूमिका को लेकर मंथन होगा। खुला सत्र संपन्न होने के बाद सामूहिक स्नेहभोज का आयोजन भी रहेगा।

### जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आज से

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला स्तरीय सीनियर पुरुष व महिला कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 16 नवम्बर को शाम 5.30 बजे पुरानी सब्जी मंडी स्थित स्थित आर्य वीरम व्यायामशाला में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी रविवार को दोपहर 12 बजे तक ही अपनी एन्ट्री दें सकते है। जिला कुश्ती ओलंपिक स्टाइल के अध्यक्ष महेंद्र मुणोत व सचिव दलपत सिंह आर्य ने बताया कि पहलवानों के वजन निम्न प्रकार है। फ्री स्टाइल 57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92,97 व125 किलोग्राम ग्रीको रोमन 55, 60 63,67,72, 77,82,87,97 व 130 किलोग्राम तथा महिला वर्ग में 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68,72 व 76 किलोग्राम पहलवानों की उम्र 20 वर्ष या इससे ऊपर होनी चाहिए। जूनियर केटेगरी पहलवान जिनकी आयु 18 ( जन्म 2007) वे 19 (जन्म 2006) वर्ष मेडिकल प्रमाण पत्र तथा अभिभावक अधिकृत करने के आधार पर खेल सकेंगे । उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में जालोर जिले के मूल निवासी ही भाग ले सकेंगे। सभी पहलवानों को आधार कार्ड, मूल निवास , पासपोर्ट, दो फोटोग्राफ, बैंक खाता पासबुक की फोटो कॉपी साथ लाना अनिवार्य होगा। इनमें किसी प्रकार की छूट नहीं होगी। उन्होंने बताया कि चयनित टीम 21 से 23 नवम्बर तक उदयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

### महाविद्यालय में बिरसा मुंडा जयंती मनाई

**गुड़ामालानी**, (कासं)। राजकीय महाविद्यालय गुडामालानी में शनिवार को धरती आबा बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस एवम् नई किरण नशामुक्ति पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नई किरण नशामुक्ति को लेकर मुख्य वक्ता आयुर्वेदिक डॉ.करनाराम ने न सिर्फ नशे को शरीर का नाश बताया, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को लेकर आयुर्वेद की महत्ता बताई। सहायक आचार्य राऊराम सुरा ने बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए स्वाभिमान, एकता और प्रकृति प्रेम को अपने व्यक्तित्व में दृढ करने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. सोहनलाल ने कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया। सहायक आचार्य जोराराम एवम् महाविद्यालय के विद्यार्थियों मूली, ममता, शारदा, सरोज ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य दिनेश खिलेरी ने किया।इस अवसर पर अतिथि शिक्षक विजय सैनी, कुलदीप राठी, डॉ.आदित्य खिडयि,प्रयोगशला सहायक प्रतापाराम ,कंप्यूटर ऑपरेटर जेठाराम एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्काउट एवं गाइड का स्टिकर जारी

**गुड़ामालानी**, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ गुडामालानी के तत्वावधान में पंचायत समिति सभागार में खंड स्तरीय बैठक उपखंड अधिकारी गुड़ामालानी केशव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें स्काउट गाइड के स्थापना दिवस पर स्टीकर का विमोचन किया गया, स्थानीय संघ गुडामालानी के सचिव सोहनलाल खोखर ने भारत स्काउट गाइड के स्थापना दिवस के बारे में जानकारी दी तथा प्रत्येक विद्यालय में स्काउट-गाइड गतिविधियों का संचालन कर बच्चों को जोडना और सेवा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने की बात कही। उपखंड अधिकारी ने ब्लॉक गुड़ामालानी के सभी पीईईओ को स्टीकर के रूप में प्रति विद्यार्थी दस रूपये की सहायता कर संघ को मजबूती प्रदान करने की बात कही। इस दौरान सीबीईओ गुड़ामालानी शंकर लाल योगी, आडेल सीबीईओ अमरा राम गोदारा, एसीबीईओ ओमप्रकाश विश्नोई, आर पी मदन सिंह जाखड और चुनाव एस आई आर में लगे कार्मिक शामिल हुए।

### जनजातीय गौरव दिवस मनाया

**जालोर**,(का.सं.)। भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय किसानों को कृषि उद्यमियों से जोड़ने, सहयोग के लिए प्रोत्साहित करने और सफल जनजातीय कृषि मॉडल का प्रदर्शन करने के लिए शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र केशवना में अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत जन जातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के उद्यान विशेषज्ञ एवं जनजातीय परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ. पवन कुमार पारीक द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय तथा उनके जन जातीय समुदाय के प्रति समर्पण पर जानकारी दी गई तथा भगवान बिरसा मुण्डा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके साथ ही जनजातीय किसानों को स्वदेशी किस्मों को संरक्षित करने के लिए बीज बैंक बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जनजातीय महिला एवं पुरुषों को निम्बू के पोधे दिए गए। कार्यक्रम में केंद्र की प्रसार विशेषज्ञ सुमन शर्मा, शस्य विज्ञान विशेषज्ञ बिरम सिंह गुर्जर, नाहर सिंह देवड़ा एवं राजीविका के एलआरपी सहित जनजाति के किसान प्रतिभागी शामिल हुए।

### रोहुआ में आंखों का शिविर संपन्न

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट रोहुआ में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कृष्ण वीर सिंह देवडा द्वारा ग्लोबल नेत्र हॉस्पिटल आबूरोड तलहटी के सहयोग से निशुल्क शिविर का आयोजन करवाया गया। शिविर में रोहुआ ठाकुर शाहब आदित्यप्रताप सिंह देवडा एवम ठाकुर शाहब कृष्णवीर सिंह देवडा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ संतोष द्वारा जांच की गई जिसमें 12० मरीजों को जांच शिविर का लाभ मिला उसमें से मोतियाबिंद के 15 मरीज निकले 9 मरीजों को सफल ऑपरेशन करने हेतु ग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा गया ।जांच शिविर में रोहुआ ठाकुर शाहब आदित्यप्रताप सिंह कृष्णवीर सिंह देवडा सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे ग्लोबल हॉस्पिटल टीम की ओर से टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल, पिन्टू मेघवाल, रेणु , दलपत बामनिया,अब्बास आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोहुआ, राजपुरा, मालपुरा, मानपुरा सहित आस पास के गांवों के लोगों ने भाग लिया।

### सरगरा समाज की मासिक बैठक हुई

**रेवदर**, (निसं)। भटाना कस्बे के समीपवर्ती ग्राम में शनिवार को मकावल गांव में आम्लेश्वर महादेव पांच गांव सरगरा समाज विकास समिति द्वारा आयोजित मासिक बैठक रेवाराम भटाणा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आय व्यय का ब्यौरा दिया गया। विशेष चर्चा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता परिगणना प्रपत्र अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समाज की जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए सबको जाग्रत किया। बैठक में रमेश कुमार करसन पनाराम, भुराराम, खेताराम भटाणा, वागाजी बुटडी, प्रकाश, जितु, जीवाराम बाबुजी मकावल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### राज्यपाल ओम माथुर आज बेडल में

**पाली**, (नि.सं.)। संशोधित यात्रा कार्यक्रम के अनुसार सिक्किम के ओमप्रकाश माथुर 15 नवम्बर को जिले के बेडल आएंगे। कार्यक्रमानुसार सिक्किम राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर 15 नवम्बर को जयपुर से 4.30 बजे सड़क मार्ग से प्रस्थान कर शाम: 10 बजे माथुर कृषि फार्म बेडल पहुंचेगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे।

## जल, जंगल बचाने के साथ बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करें : कुमावत



बाड़मेर जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने स्वयं सहायता समूहों की हस्तशिल्प आधारित वस्तुओं का अवलोकन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जल एवं जंगल को बचाने के साथ बिरसा मुंडा के आदर्शों को आत्मसात करें। बाड़मेर जिले के प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को भगवान महावीर टाउन हॉल में जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़े के तहत बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअली संबोधित किया।

प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि आज गौरव का दिन है कि पूरे देश में बिरसा मुंडा की जयंती मनाई जा है। आजादी की लड़ाई में बिरसा मुंडा जैसे कई कांतिकारियों का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हुए आदिवासी समाज का नेतृत्व किया। उन्होंने नशा मुक्ति के प्रयास करने के साथ अंग्रेजों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जन जातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया। आदिवासी समाज के सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इस तबके को शिक्षा से जोड़ने के साथ पानी, बिजली एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास उपलब्ध करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आदिवासियों के कल्याण के लिए तत्पर है। आदिवासी बाहुल्य इलाकों में वनाधिकार के पट्टे दिलवाने, सड़क, शिक्षा, आवासीय विद्यालय, चिकित्सा सुविधा के लिए वृहद स्तर पर कार्य किया गया है। इन इलाकों में मोबाइल नेटवर्क भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आदिवासी समाज की समस्याओं के समाधान करवाने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जनजातीय परिवारों के विकास के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इस दौरान समाजसेवी अनंतराम विश्नोई ने कहा कि बिरसा मुंडा सामाजिक उत्थान के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। उनके आदर्श मौजूदा समय में भी समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समाजसेवी दिलीप पालीवाल ने कहा कि बिरसा मुंडा मात्र 25 वर्ष की अवस्था में देश के लिए शहीद हुए है। उन्होंने कहा कि देश की एकता के लिए बलिदान देने वाले मुंडा के आदर्श सदैव आदिवासी समाज के साथ आमजन को प्रेरणा देते रहेंगे। समाजसेवी राजूदास ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि आज जन जातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने इस आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए स्थानीय समस्याओं से अवगत करवाया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत, जिला कलक्टर टीना ड़ाबी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्रसिंह चांदावत, श्रवणसिंह राजावत, समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, दिलीप पालीवाल, दीपक कडवासरा, रमेशसिंह इंदा, देवीलाल कुमावत, रणवीरसिंह भादू, अर्जुन भवानी, राजूदास, ईश्वरचंद नवल, अनीता चौहान, उप निदेशक प्रहलादसिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी कैलाशचंद खत्री, सहायक विकास अधिकारी लूणाराम राईसल समेत विभिन्न जन प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश जांगिड़ ने किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत, समाजसेवी अनंतराम विश्नोई, दिलीप पालीवाल, दीपक कड़वासरा, जिला कलक्टर टीना ड़ाबी समेत अन्य अतिथियों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भगवान महावीर टाउन हॉल में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व से आमजन को परिचित कराने का प्रयास किया गया है। साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से जनजाति समुदाय के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। इसमें स्वयं सहायता समूहों की हस्तशिल्प आधारित वस्तुओं की स्टाल लगाई गई। प्रभारी मंत्री कुमावत ने इसका अवलोकन करते महिलाओं का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीपी एवं शुगर की जांच के लिए शिविर लगाया गया।

### जिला मुख्यालय पर शोभायात्रा निकाली

बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर शनिवार दोपहर अहिंसा सर्किल से भगवान महावीर टाउन हॉल तक शोभा यात्रा निकाली गई। प्रभारी मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। इसमें बड़ी तादाद में महिलाओं के साथ आमजन शामिल हुए।

## राजपुरोहित महासभा की प्रदेश बैठक आज

**बालोतरा**, (निसं)। राजस्थान प्रदेश राजपुरोहित महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक पचपदरा बाईपास मेगा हाइवे सावित्री नगर खेतेश्वर मार्केट में आहुत होगी, बैठक में पाली, जालोर, भीनमाल, सिरोही, जोधपुर ग्रामीण, जोधपुर शहर, फलोदी, जैसलमेर बाडमेर नागौर, बालोतरा, सहित अन्य जिलों से महासभा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी गण युवा, महिला अध्यक्ष महिला महामंत्री, सहित मंडल अध्यक्ष गण भाग लेंगे।

जिला अध्यक्ष देरामसिंह जसोल, ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता दिव्य संत श्री खेताराम जी महाराज के भतीज पूंजराज सिंह, धनराज सिंह, सुपुत्र भोमाराम जी उदेश सराणा करेंगे वहीं प्रदेशाध्यक्ष जब्बरसिंह राजपुरोहित जसोल में महासभा के प्रस्तावित महा अधिवेशन की रुप रेखा बनाने और अग्रिम तैयारियों की कार्य योजना को प्रदेश स्तर पर क्रियान्वित कराएंगे तथा सदस्यता अभियान समीक्षा, संगठन निर्माण की टाइम लाइन तय करेंगे,

राजस्थान प्रदेश राजपुरोहित महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जब्बरसिंह राजपुरोहित ने बालोतरा जिलाध्यक्ष देरामसिंह जसोल की अनुशंसा पर बालोतरा जिले के विभिन्न मंडल इकाइयों से चयनित प्रदेश प्रतिनिधियों को मनोनीत करते हुए मोहनसिंह मनणा जसोल, जयसिंह पांचलोड इंद्राणा, मुलसिंह लुंदराडा, पूंजराज सिंह पादरडी खुर्द,विशन सिंह लुहारिया मुठली, बाबूसिंह एन सिया गोलियां, भैरुसिंह सिया बालोतरा, ठाकुर सिंहजी सेवड डंडाली, मुकनसिंह गादेसरा, दीपसिंह दांखा, रणजीत सिंह राजगुरु लुंदराडा,को महासभा के प्रदेश प्रतिनिधि पद पर मनोनीत किया गया है।

## बी.एल.ओ. ने ईएफ फार्म बांटे

**जालोर**, (का.सं.)। जिले में मंगलवार 4 नवम्बर से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना प्रपत्र वितरण प्रारंभ हो गया है।

जालोर जिले में अब तक दिन में 14 लाख 97 हजार 767 (98.33 प्रतिशत) गणना प्रपत्र बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 15 लाख 23 हजार 143 हैं, जिसमें से 98.33 प्रतिशत मतदाताओं को ईएफ फार्म का वितरण किया जा चुका हैं।

बीएलओ 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर गणना प्रपत्र(ईएफ) फॉर्म भरवाने का कार्य कर रहे हैं।

जालोर जिले में मतगणना प्रपत्रों का सर्वाधिक वितरण रानीवाड़ा विधानसभा में लगभग 99.83 प्रतिशत किया जा चुका है। वही सांचौर विधानसभा में 99.16 प्रतिशत, आहोर विधानसभा में 98.48 प्रतिशत, भीनमाल विधानसभा में 97.73 प्रतिशत व जालोर विधानसभा में 96.57 प्रतिशत मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं तथा बीएलओ द्वारा निरन्तर घर-घर जाकर ईएफ फॉर्म भरवाने का कार्य किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रदीप के. गांवडे ने जिले के मतदाताओं से अपील की है कि हर योग्य मतदाता 4 दिसंबर तक अपनी एक नवीनतम रंगीन फोटो एवं आवश्यक सूचनाओं के साथ भरा हुआ गणना प्रपत्र अपने बीएलओ को जमा करा कर स्वच्छ एवं सही मतदाता सूची निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें एवं लोकतंत्र के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करें।

## राष्ट्रगीत का इतिहास बताया

**जोधपुर**, (कासं) । राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को दोपहर 1 बजे श्री स्वामी प्रभुतानन्द राजकीय जिला चिकित्सालय प्रतापनगर जोधपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ,.प्रियंका सिंह ने वन्देमातरम राष्ट्रगीत के संक्षिप्त इतिहास एवं स्वतन्त्रता संठाम में देश भक्ति की भावना के संचार में इस गीत के योगदान एवं राष्ट्रगीत के रूप में इसकी घोषणा होने की जानकारी दी। डॉ. दिनेश कुमार व्यास, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दल्लाराम, डिप्टी डायरेक्टर, डॉ.रिचा बिस्सा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दुर्गा चौधरी, कनिष्ठ विशेषज्ञ आदि उपस्थित थे।

## जनजाति युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करें : प्रहलाद टांक



जाालेर के पास आहोर में बिरसा मुण्डा जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक ने संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक के मुख्य आतिथ्य में पंचायत समिति आहोर में समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक ने कहा कि जनजाति वर्ग के युवा उच्च शिक्षण संस्थानों जैसे एम्स, आईआईटी, आईआईएम से शिक्षा प्राप्त करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करें तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती तथा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संपूर्ण भारतवर्ष में उल्लास के साथ समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश के 25 करो? नागरिक गरीबी रेखा से बाहर निकल कर देश की मुख्यधारा में शामिल हुए हैं तथा कोरोना कल के दौरान भारत सरकार ने करीब सौ से ज्यादा देशों में भेजते हुए विश्वबंधुत्व की अदभुत मिसाल पेश की। कार्यक्रम में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि आहोर क्षेत्र के अगवरी ग्राम में बन रहे जनजाति आवासीय विद्यालय के माध्यम से जनजाति वर्ग से आने वाले बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश की। मंच का संचालन छात्रावास अधीक्षक कपूराराम मीणा ने किया।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, आहोर उपखण्ड अधिकारी रोहित चैहान, जिला परिषद की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार, आहोर पंचायत समिति के विकास अधिकारी बाबूसिंह राजपुरोहित, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी राकेश दवे, जिला परिषद सदस्य रमेश राणा, सुजाराम, किशोर सिंह, कुंदन सिंह, छगनलाल मीणा, टीमाराम मीणा, नारायणलाल, भोमाराम व छगनलाल सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक व बडी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव पखवाडा के तहत शनिवार को प्रात: काल पंचायत समिति आहोर से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसे आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी के माध्यम से बिरसा मुण्डा के जीवन मूल्यों के बारे में आमजन को जागरूक किया गया। जनजाति गौरव वर्ष व भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर ग्राम पंचायत व ब्लॉक लेवल पर कार्यक्रमों का आयोजन किया।

शनिवार को ग्राम पंचायत लेवल पर ग्राम सभा का आयोजन करने के साथ ही शोभा यात्राएँ निकाली गई। सेवा शिविरों में अवशेष पट्टों का वितरण किया गया। कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केन्द्र पर जन समस्या समाधान शिविरों का आयोजन जर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। ब्लॉक लेवल पर प्रभात फेरी/शोभा यात्राओं के आयोजन के साथ ही सभागार बैठक/सम्मेलन आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों के दौरान राष्ट्रीय स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

## पाली में रैली, प्रदर्शनी सहित कई कर्यक्रम हुए



बिरसा मुंडा 150 वीं जयंती पर जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने पाली के व्यास सर्कल से अम्बेडकर सर्कल तक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। बिरसा मुंडा 150वीं जयंती पर सवेरे व्यास सर्कल से अम्बेडकर सर्कल तक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसे जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस श्रृंखला में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के अंतर्गत बिरसा मुंडा जयंती पर व्यास सर्कल पर बिरसा मुंडा के फोटो प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जिला प्रभारी सचिव अश्विनी भगत एवं जिला कलैक्टर एलएन मंत्री पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही वहां मौजूद सरकारी अधिकारियों व कर्मचारी द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री खर्रा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली व्यास सर्कल से अंबेडकर सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर आकर समाप्त हुई। रैली में विभिन्न विद्यालय के बालक बालिकाओं व स्काउट बालचारों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी व सुनील भंडारी सहित कई जने मौजूद रहे।

जिला परिषद सभागार में जनजाति समुदाय विकास के लिए संचालित विभिन्न योजना के लिए मार्गदर्शिका आदि किरण पुस्तक का विमोचन जिला प्रभारी मंत्री खर्रा एवं जिला प्रभारी सचिव भगत द्वारा किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को सांकेतिक चाबी का वितरण किया गया, साथ ही बिरसा मुंडा समेत कई आदिवासी नायकों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

कार्यक्रम के पश्चात जिला प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग सड़कों के बारे में मरम्मत आदि के लिये व कृषि विभाग को खाद की उपलब्धता व फसल खराबे में बकाया फसल बीमा की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। चिकित्सा विभाग में मौसमी बीमारियों डेंगू, मलेरिया सहित मौसमी बीमारियों की जानाकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

साथ ही बैठक में उन्होंने पुलिस विभाग को साइबर क्राइम पर ,ऑपरेशन गुप्त की जानकारी लेकर मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश। साथ ही पीएचईडी से विभिन्न जल परियोजना की प्रगति , नगर निगम को साथ ही अन्य विभागों , यूआईटी , बिजली , बांधो व अन्य विभागों के योजनाओं व कामों की जानकारी लेकर विस्तार से निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रभारी सचिव भगत ने भी आवश्यक निर्देश दिये व जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं व कामों की जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला प्रमुख रश्मि सिंह, पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू, प्रशिक्षु आईपीएस बिरजू गोपाल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग ओम प्रभा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, न्यास सचिव डॉ पूजा सक्सेना, पाली प्रधान मोहिनी देवी सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत एक की मौत

**जोधपुर**, (कासं) । डांगियावास स्थित कांकेलाव गांव में दो बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। एक बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

डांगियावास पुलिस ने बताया कि कांकेलाव निवासी देवेंद्र प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके पिता बिरमाराम प्रजापत बाइक लेकर 11 नवंबर को कांकेलाव गांव की सरहद से निकल रहे थे। तब एक अन्य बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्क र मार दी। हादसे में उसके पिता बिरमाराम बुरी तरह घायल हो गए। जिनको बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उनकी मौत हो गई। अन्य बाइक सवार की गाड़ी के नंबर के आधार पर तलाश जारी है। शव कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

## दुर्घटनाओं से प्रभावित लोगों की स्मृति में कार्यक्रम

**जालोर**,(का.सं.)। सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों/घायलों तथा उनसे प्रभावित लोगों की स्मृति में नवम्बर माह के तृतीय 16 नवम्बर को वर्ल्ड रिमेम्बरेंस डे एवं राज्य सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताा कि प्रतिवर्ष नवम्बर माह के तृतीय रविवार को विश्वभर में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों/घायलों तथा उनसे प्रभावित लोगों की स्मृति में वल्डे रिमेम्बरेंस डे मनाया जाता है। इस दिन आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को धन्यवाद प्रेषित किये जाने के साथ अनेकानेक जागृति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष वर्ल्ड रिमेम्बरेंस डे की थीम ''खोई हुई प्रतिभाएँ''तथा स्लोगरन रिमेंबर, सपोर्ट एक्ट है। राज्य में नवम्बर माह के तृतीय रविवार को ही राज्य सड़क सुरक्षा दिवस भी मनाया जाता है। इस वर्ष 16 नवम्बर, रविवार को वर्ल्ड रिमेम्बरेंस डे एवं राज्य सड़क सुरक्षा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि वर्तमान में 18 नवम्बर तक चलाए जा रहे 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के साथ-साथ आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 16 नवम्बर को विशेष रूप से समस्त हितधारक विभागों, सिविल सोसायटीज एवं अन्य एजेन्सीज से समन्वय स्थापित कर प्रचार-प्रसार के लेकर विभागवार गतिविधियां सुनिश्चित करें।